D

Printed Pages : 7

(21224)

Roll No. ..........................

LL.M. -III Sem.

# L-56

## LL.M. Examination, December -2024

## (Group-A)

## COMPARATIVE AND COOPERATIVE FEDERALISM

## (India, America and Australia)

## (L-3002)

*Time : Three hours]* *[Maximum Marks : 70*

**Note:** Attempt any **five** questions. Each questions carries 14 marks.

**नोट :** किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 14 अंकों का है।

1. State autonomy is pre-requisite of federalism. It stand for non-interference of the center in the prescribed domain of the state. But in India, it is seen that the Central Government has encroached many a

times in state autonomy which affected the state autonomy and hence violates the federal structure of the Constitution of India. Discuss this statement critically with the help of provisions of Indian Constitution and judicial pronouncements.

राज्य की स्वायत्तता संघवाद की पूर्ववर्ती शर्त है। इसका तात्पर्य राज्यों के निर्धारित क्षेत्र में केन्द्र का हस्तक्षेप न करना है। किन्तु भारत में यह देखा गया है कि केन्द्र सरकार ने अनेकों बार राज्य की स्वायत्तता में अतिक्रमण किया है जिससे राज्य की स्वायत्तता प्रभावित हुई है और इसलिए यह भारतीय संविधान के संघीय ढाँचे का उल्लंघन है। भारतीय संविधान के प्रावधानों और न्यायिक निर्णयों की सहायता से इस कथन की आलोचनात्मक विवेचना कीजिए।

2. In Competitive Federalism, the relationship between the Central and State Government is vertical and between State Government is horizontal in India. With the help of relevant constitutional provisions and judicial verdicts discuss competitive federalism.

प्रतिस्पर्धी संघवाद में भारत में केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच संबंध लंबवत और राज्य सरकारों के बीच क्षैतिज होता है। सुसंगत संवैधानिक प्रावधानों और न्यायिक निर्णयों की सहायता से प्रतिस्पर्धी संघवाद की आलोचनात्मक विवेचना कीजिए।

3. How the federal characters in Australia changed from competitive to cooperative? Explain with the help of constitutional provisions and leading case laws.

आस्ट्रेलिया के संघीय चरित्र प्रतिस्पर्धी से सहकारी में कैसे बदल गया? संवैधानिक प्रावधानों और मार्गदर्शक वादों की सहायता से विवेचना कीजिए।

4. With the help of constitutional provisions and judicial verdicts, discuss critically the general scheme of distribution of legislative power in America.

संवैधानिक प्रावधानों और न्यायिक निर्णयों की सहायता से अमेरिका में विधायी शक्तियों के वितरण की सामान्य योजना की आलोचनात्मक विवेचना कीजिए।

5. "A treaty, is in its nature, a contract between two nations, not a legislative Act. It does not generally effect, of itself, the object to be accomplished, especially, so for as its operation is infra-territorial, but is carried into execution by the sovereign power of the respective parties to the instrument". In the light of this statement, discuss treaty powers a provided under American Constitution.

"एक संधि, इसकी प्रकृति में, दो राष्ट्रों के बीच एक अनुबंध है, एक विधायी कार्य नहीं है। यह आमतौर पर, स्वयं को पूरा करने वाली वस्तु को प्रभावित नहीं करता, विशेष रूप से, अब तक इसका क्रियान्वयन अंतर्क्षेत्रीय है, लेकिन संबंधित पक्षों की संप्रभु सत्ता द्वारा उपकरण में

निष्पादन किया जाता है।'' इस तथ्य के आलोक में अमेरिकी संविधान के अंतर्गत विहित संधि शक्ति की सुसंगत प्रावधानों एवं निर्णीत वादों की सहायता से विवेचना कीजिए।

6. National Emergency provisions in Indian constitution help federal nature transforms into unitary nature. Elucidate critically with the help of relevant constitutional provisions and leading cases.

भारतीय संविधान के प्रावधानों में राष्ट्रीय आपातकालीन प्रावधान संघीय प्रकृति को एकात्मक प्रकृति में बदलने में सहायक है। प्रासंगिक संवैधानिक प्रावधानों और निर्णीत वादों की सहायता से आलोचनात्मक विवेचना कीजिए।

7. With the help of relevant provisions of American constitution and decided cases, discuss the war power of U.S. federal Government.

अमेरिकी संविधान के सुसंगत प्रावधानों एवं निर्णीत वादों की सहायता से अमेरिकी संघीय सरकार की युद्ध शक्ति की विवेचना कीजिए।

8. What changes have been brought by Indian Court in legal word by exercising the power of judicial review? Discuss with the help of decided leading case.

भारतीय न्यायालय ने न्यायिक पुनर्विलोकन की शक्ति का प्रयोग करके विधिक जगत में क्या बदलाव किये हैं? मार्गदर्शक निर्णीत वादों की सहायता से विवेचना कीजिए।

9. Elucidate the powers and scope of American Federal Parliament to amend the Constitution. Refer to decided leading cases.

संविधान में संशोधन के लिए अमेरिकी संघीय संसद की शक्ति और विस्तार क्षेत्र की व्याख्या कीजिए। निर्णीत मार्गदर्शक मामलों का हवाला दीजिए।

10. Like any other written Constitution in the world, the constitution of India also provides for its amendment in order to adjust itself according to the changing

conditions and needs. To what extent the parliament can amend the Indian Constitution. Discuss with the help of decided cases.

विश्व के किसी भी अन्य लिखित संविधान की तरह, भारत का संविधान भी बदलती परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुसार स्वयं को समायोजित करने के लिए अपने संशोधन का प्रावधान करता है। संसद भारतीय संविधान में किस सीमा तक संशोधन कर सकती है? निर्णीत वादों की सहायता से विवेचना कीजिए।